आकाशवाणी श्री विजयपुरम

15.04.2026 समय : 1905

1. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं।

2. सरकार ने कहा–वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश में घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

3. संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत ज्ञान भारतम् मिशन के तहत कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से युवाओं के लिए केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय मिशन की शुरूआत की गई है।

4. दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने भूमि अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स नीति अपनाते हुए श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के साथ मिलकर अवैध अतिक्रमणों को हटाया।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्र अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइटों **cbse.gov.in**, **results.cbse.nic.in** और **cbseresults.nic.in** पर देख सकते हैं। आधिकारिक पोर्टलों के अलावा, परिणाम डिजिलॉकर और उमंग ऐप जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश में घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है और किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और अब तक दो हजार दो सौ से अधिक नाविकों को वापस लाया गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि देशभर में बंदरगाह संचालन सामान्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में स्थित भारतीय दूतावास हाई अलर्ट पर हैं और चौबीस घंटे हेल्पलाइन सेवाओं के जरिए नागरिकों को सहायता प्रदान की जा रही है।

<><><><><><><>

भारत की जनगणना 2027 का पहला चरण 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' के तहत कल से 15 मई तक गणनाकारों द्वारा घरों से डेटा एकत्र करने हेतु क्षेत्र स्तर पर मकान सूचीकरण का कार्य जारी रहेगा। इस बार, जनगणना पूरी तरह से वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप की मदद से डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसमें आम जनता को विशेष सुविधा के रूप में 'स्व–गणना' का विकल्प दिया गया है। स्व–गणना की अवधि के दौरान, परिवार का कोई भी सदस्य पोर्टल **se.census.gov.in** के माध्यम से परिवार का विवरण डिजिटल रूप से दर्ज कर सकता है। स्वगणना की अंतिम तिथि आज है। प्रक्रिया पूरी होने पर, एक विशिष्ट 'स्व–गणना आईडी' प्राप्त होगी, जिसे सत्यापन और प्रमाणीकरण के लिए गणनाकारों को देना होगा।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत ज्ञान भारतम् मिशन के तहत कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ने के लिए केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय मिशन की शुरूआत की गई है। मिशन के तहत तीनों जिलों में पुरानी पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों, मानचित्रों, पुरानी तस्वीरों की पहचान करना और उन्हें संरक्षित करना, ज्ञान भारतम् सर्वे ऐप पर ऐतिहासिक महत्व की सामग्रियों को अपलोड करना भाामिल है। प्रशासन ने जनता, विद्वानों और संस्थानों से ऐतिहासिक सामग्रियां साझा करने की अपील की है। इसमें आम

जनता ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियों और सामग्रियों को साझा करके, व्यक्तियों या संगठनों के पास मौजूद सामग्रियों की जानकारी देकर और द्वीपों से संबंधित दुर्लभ अभिलेखों की पहचान और दस्तावेजीकरण में सहायता करके योगदान दे सकते हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सामग्री का मालिकाना हक मूल धारकों के पास ही रहेगा। योगदानकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति कला एवं संस्कृति विभाग संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने भूमि अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स नीति अपनाते हुए श्री विजयपुरम नगर परिषद के साथ मिलकर एक बड़ा संयुक्त अभियान चलाया। इस अभियान के तहत सड़क किनारे सरकारी राजस्व भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। राजस्व विभाग, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिशद, पुलिस विभाग और नगर परिषद के कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने कार्बाइन्स कोव जंक्शन के पास यह कार्रवाई की। इस दौरान बिना अनुमति के चल रहे 16 अवैध ढांचे, जिनमें गुमटी, अस्थायी दुकानें और स्टॉल शामिल थे, को हटाया गया। पूरी कार्रवाई पुलिस सुरक्षा में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। इसके अलावा, कार्बाइन्स कोव क्षेत्र में 4 अन्य अतिक्रमण भी हटाए गए। इस कार्रवाई के तहत लगभग 600 वर्ग मीटर सरकारी भूमि को मुक्त कराकर सरकारी खाते में पुनः दर्ज किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कब्जों के खिलाफ ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा न करें और प्रशासन का सहयोग करें।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम के क्षेत्रीय केन्द्र इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम VIP रोड स्थित परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक प्रो. (डॉ.) सुनील जैकब, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशक ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री भी रहे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया और समाज के वंचित तथा पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। प्रो. जैकब ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक सामाजिक नेता ही नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय नेता थे, जिन्होंने महिलाओं सहित सभी वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने लोगों से उनके योगदान को जाति से ऊपर उठकर समझने और उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन उनके विचारों और योगदान को स्मरण करते हुए किया गया।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने अधिक से अधिक उद्यमों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के पोर्टल को फिर से खोल दिया है। पात्र एम एस एम ई निर्धारित विभिन्न श्रेणियों के तहत आधिकारिक पोर्टल **dashboard.msme.gov.in/na** पर 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अंतर्गत विनिर्माण उद्यमिता, सेवा उद्यमिता, निर्यात–उन्मुख सेवा, महिला उद्यमिता, अनुसूचित जाति–जनजाति और दिव्यांग श्रेणी के उद्यमियों सहित अन्य श्रेणियों के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदे”ाालय के अनुसार एम वी नालंदा 17 अप्रैल को शाम 6 बजे राजधानी श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा। यात्रियों के लिए बोर्डिंग और सामान से संबंधित समय–सारिणी जारी की गई है। अतिरिक्त सामान कल दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक लोड किया जाएगा। यात्रियों को अपना अतिरिक्त सामान पहले से वाणिज्यिक शाखा, डी एस

एस में बुक कराने की सलाह दी गई है। 17 अप्रैल को यात्रियों की बोर्डिंग दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होगा।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह समुद्री मत्स्य नियम, 2004 के अंतर्गत आज से 31 मई तक का समय "बंद मौसम" घोषित किया गया है। इस अवधि में अंडमान–निकोबार जलक्षेत्र में बॉटम ट्रॉलिंग गियर से मछली पकड़ने वाली नौकाओं और शार्क के शिकार पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। मत्स्य विभाग ने सभी मछुआरों से अपील की है कि वे इस नियम का सख्ती से पालन करें और निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की ट्रॉलिंग या शार्क फिशिंग न करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>